प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

20.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मतदान प्रथम चरण

18वीं लोकसभा के चुनाव के पहले चरण में एक सौ दो सीटों पर कल मतदाताओं ने उत्साह के साथ वोट डाले। इन क्षेत्रों में 62 दशमलव तीन सात प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्वक रहा और मतदाताओं ने गर्मी के बावजूद वोट डालने की अपनी जिम्मेदारी गर्वपूर्वक निभाई। 102 लोकसभा सीटों में से 11 सीट अनुसूचित जनजाति और 18 सीट जनजाति उम्मीदवारों के लिए आरक्षित थीं। ये चुनाव क्षेत्र 17 राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों के हैं। निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं और चुनाव से संबंधित समूचे मतदान कर्मियों का धन्यायवाद किया है।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शानदार प्रतिक्रिया मिली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने वोट देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा और बिलासपुर जिलों में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अनुराग सिंह ठाकुर का आज सुजानपुर में महिला मोर्चा सम्मेलन और भोरंज के धमरोल में अनुसूचित जाति मोर्चा के सम्मेलन में शिरकत करने का कार्यक्रम है।

बैठक

लोकसभा चुनाव को लेकर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी आज कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में महत्वपूर्ण बैठक करेगी। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और शिमला संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर रणनीति बनाएंगे। इस बैठक में शिमला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी पार्टी नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे।

स्वीप

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के प्रयास लगातार जारी हैं। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत ऊना ज़िले में हरोली विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर बुल्ला और भडियारां में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक और गीत संगीत के माध्यम से चुनावों में अपनी सौ फीसदी भागीदारी सुनिश्चित बनाने का संदेश दिया गया।

दूसरी ओर चंबा ज़िले के भरमौर विधानसभा क्षेत्र में भी कई स्थानों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्थानीय जनता को मतदान संबंधी शपथ दिलाई गई।

वहीं विश्व के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र लाहौल स्पीति के टाशीगंग में लोगों को लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूरी दुनिया में टाशीगंग को शत–प्रतिशत मतदान के लिए जाना जाता है और इस परम्परा को आगे भी कायम रखना है।

मौसम

जनजातीय जिलों सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज आसमान पर बादल छाये हुए है हालांकि बीती रात राज्य के अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्का हिमपात व अन्य क्षेत्रों में रुक रुक कर वर्षा होती रही राजधानी शिमला व आस पास के क्षेत्रों में भी रात भर वर्षा का क्रम जारी रहा। केलंग से हमारे संवाददाता के अनुसार जिला मुख्यालय केलंग में 5 से 6 इंच जबकि ऊँचाई वाले क्षेत्रों रोहतांग कुंजुम व बारालाचा दर्रे पर एक फुट से डेढ़ फुट तक बर्फवारी हुई है। खराब मौसम व बर्फबारी से जिले में लोगों को अप्रैल माह में भी ठंड से निजात नहीं मिल पा रही है।

दूसरी ओर खराब मौसम व बर्फबारी ने सामरिक महत्व की मनाली लेह मार्ग पर बारालाचा से सरचू के बीच सड़क से बर्फ हटाने का कार्य भी प्रभावित हुआ है। वहीं मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इन दिनों सेब के पौधों में फ्लॉवरिंग हो रही है लेकिन इस मौसम में आए बदलाव के चलते सेब की फसल को नुकसान होने की सम्भावना बढ़ गई है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री के बयान को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला की सुर्खी है शिंकुला टनल बनाने का रास्ता साफ, केंद्र ने दी एफसीए क्लीयरेंस। दैनिक जागरण का शीर्षक है शिंकुला सुरंग निर्माण को मिली एफसीए स्वीकृति। पंजाब केसरी के शब्द हैं लाहौल और लद्दाख को जोड़ने वाली शिंकुला टनल को मिली एफसीए क्लीयरेंस। दिव्य हिमाचल लिखता है सीएम बोले–टनल का साउथ पोर्टल और 38 सौ मीटर हिस्सा हिमाचल में बनेगा।

दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक टनल निर्माण से लद्दाख तक सुगम होगी सेना की आवाजाही, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा। हिमाचल दस्तक की सुर्खी है महिलाओं से किया वादा अक्षरशः पूरा करेगी कांग्रेस। आपका फैसला के अनुसार लोकतंत्र की हत्या करने वाले षड़यंत्रकारी शीघ्र ही सलाखों के पीछे होंगे।

सीएम के भुट्टो को कुट्टो मामले में अब केंद्रीय चुनाव आयोग लेगा फैसला शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है रिपोर्ट को चुनाव विभाग ने अगली कार्यवाही के लिए आयोग को भेजा।

दैनिक जागरण की एक खबर है बाली का खरगे को पत्र, प्रत्याशी बनाने से पहले करें चर्चा।

दिव्य हिमाचल की एक सुर्खी है डीसीजीआई से राहत नहीं, पांच दवा उद्योगों ने सरेंडर किया एक लाइसेंस।

मौसम से जुड़ी खबर पर पंजाब केसरी का शीर्षक है तूफान से कोहराम, छज्जा गिरने से चिंतपूर्णी में बच्ची की मौत, गंगथ में बुजुर्ग की टांगे टूटी, मनाली में एक घायल। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं मौसम के बिगड़े मिजाज, अंधड़ और ओलावृष्टि का कहर। अमर उजाला लिखता है हिमाचल में चोटियों पर बर्फबारी, शिमला समेत कई जिलों में बारिश, ओले भी गिरे। दैनिक भास्कर का कहना है बर्फबारी, बारिश और तूफान–10 मई के बाद ही प्रदेश में दिखेगा गर्मी का असर।